भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

सुश्री निवेदिता दुबे ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की प्रथम महिला निदेशक मंडल (मानव संसाधन) के रूप में कार्यभार संभाला

नई दिल्ली, 1 फरवरी, 2026: सुश्री निवेदिता दुबे ने 30 जनवरी, 2026 को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) में सदस्य (मानव संसाधन) के रूप में कार्यभार संभाला और इस पद पर भा वि प्रा बोर्ड में शामिल होने वाली प्रथम महिला बन गईं। यह संगठन और भारतीय नागर विमानन क्षेत्र के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस नियुक्ति से पहले, वह भा वि प्रा, कोलकाता में क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक (पूर्वी क्षेत्र) के रूप में कार्यरत थीं, जहाँ वह देश के 12 हवाई अड्डों का प्रबंधन कर रही थीं।

सदस्य (मानव संसाधन) के रूप में, सुश्री दुबे भा वि प्रा की कार्मिक और औद्योगिक संबंध नीतियों को बनाने, समन्वय करने और लागू करने के साथ-साथ वाणिज्यिक प्रबंधन कार्यों की देखरेख के लिए उत्तरदायी होंगी। उनसे लगातार संगठनात्मक विकास का समर्थन करने और भा वि प्रा के ह्यूमन कैपिटल फ्रेमवर्क को सुदृढ़ करने में एक महत्वपूर्ण नेतृत्व भूमिका निभाने की आशा है।

सुश्री दुबे के पास मुख्य रूप से हवाईअड्डा प्रचालन, मानव संसाधन प्रबंधन और हवाई अड्डा आर्थिक विनियमन में तीन दशकों से अधिक का समृद्ध और विविध अनुभव है। उन्होंने 1995 में भा वि प्रा में विमानपत्तन प्रबंधक के रूप में अपना करियर शुरू किया, जहाँ उन्होंने आईजीआई हवाई अड्डे, नई दिल्ली में टर्मिनल और एयरसाइड प्रचालन का प्रबंधन किया, और कई महत्वपूर्ण जटिल स्थितियों को संभाला।

2023 में, वह भा वि प्रा की पहली महिला क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक (पूर्वी क्षेत्र) बनीं। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने पटना और पूर्णिया हवाई अड्डों पर नए टर्मिनल भवनों के आरंभ होने सहित प्रमुख आधुनिकीकरण पहलों का नेतृत्व किया, जिससे क्षेत्रीय संपर्कता और यात्री अवसंरचना में काफी वृद्धि हुई।

औद्योगिक संबंध, कर्मचारी कल्याण और प्रशिक्षण एवं विकास में अपनी विशेषज्ञता के लिए जानी जाने वाली, सुश्री दुबे ने औद्योगिक अशांति के समय में शून्य कार्य-समय के नुकसान के रिकॉर्ड के साथ जटिल श्रम मामलों का सफलतापूर्वक समाधान किया है। भाविप्रा के ट्रेड यूनियन के चुनाव इनकी देखरेख में शांतिपूर्वक संपन्न हुए। सुश्री दुबे ने कर्मचारी कल्याण और सामाजिक सुरक्षा ढांचे को मजबूती प्रदान की और नेतृत्व विकास और कैपेसिटी-बिल्डिंग कार्यक्रमों का नेतृत्व किया ।

इकाओ-मान्यता प्राप्त इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रोफेशनल और प्रमाणित प्रशिक्षक, सुश्री दुबे ने भारतीय विमानन अकादमी में संकाय के रूप में भी कार्य किया है, जो भविष्य के विमानन पेशेवरों के विकास में योगदान दे रही हैं।

उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से विज्ञान में पढ़ाई की, जिसके बाद उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के मोतीलाल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन(MONIRBA) से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री हासिल की।

अपनी नई भूमिका में, सुश्री निवेदिता दुबे स्ट्रेटेजिक ह्यूमन रिसोर्स ट्रांसफॉर्मेशन पहलों का नेतृत्व करेंगी, लीडरशिप डेवलपमेंट को आगे बढ़ाएंगी, और भाविप्रा के विजन 2047 के अनुसार वर्कफोर्स को आधुनिक बनाएंगी। उनकी नियुक्ति भारत के विमानन परितंत्र में समावेशी नेतृत्व और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

जारीकर्ता:
निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (निगमित संचार) 011-20818228
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 14/2025-26

AUTHORITY OF INDIA